चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 12-12-25 | 3 | 2-5 |

# विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी : काम्बोज

## हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 52वां वार्षिकोत्सव आयोजित

**जागरण संवाददाता • हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए • विज्ञप्ति

कुलपति प्रो काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सम्मान वह मूल्य है जो हर रिश्ते और समाज की बुनियाद को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से खिलाड़ियों में अनुशासन और भाईचारे की भावना कायम होती है।

**गोल्ड मेडल से किया सम्मानित :** इस अवसर पर अभिभावक डा. रामकुमार यादव, डा. निर्मल यादव, डा. मदन मोहन गांधी व डा. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कालरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में बारहवीं कक्षा के समीर को अनुभव राव गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। दसवीं कक्षा की छात्रा नमिता को साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। बारहवीं की छात्रा सीया को भी साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों में नमिता, योगिता, कृष्ण शर्मा, समीर, प्रतिभा, गर्वित, सिया, सानिया तथा संजना को 500-500 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने कार्यक्रम में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह व एथलेटिक्स मीट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया। मंच का संचालन छात्रा हिमांशी और खुशी ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 12-12-25 | 4 | 3-4 |

# विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी : प्रो. काम्बोज

## हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 52 वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।*

हिसार, 11 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कुलपति ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के तहत बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल/नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10 वीं व 12 वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

इन विद्यार्थियों में बारहवीं कक्षा के समीर को अनुभव राव गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। दसवीं कक्षा की छात्रा नमिता को साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। बारहवीं की छात्रा सीया को भी साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों में नमिता, योगिता, कृष्ण शर्मा, समीर, प्रतिभा, गर्वित, सिया, सानिया तथा संजना को 500-500 रुपए की नगद राशि के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अमर उजाला | 12. 12. 25 | 4 | 7-8 |

# समीर को अनुभव राव गोल्ड मेडल से किया सम्मानित

## एचएयू के कैंपस स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट-डे

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 में मेधावी विद्यार्थियों को बुधवार को सम्मानित किया गया। बारहवीं कक्षा के समीर को अनुभव राव गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय के गिरि सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी है।

उन्होंने कहा कि सम्मान वह मूल्य है जो हर रिश्ते और समाज की बुनियाद को मजबूत करता है। एकता में वह शक्ति है जो असंभव कार्य को भी संभव बना देती है।



विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। स्रोत : आयोजक

अभिभावकों डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। दसवीं कक्षा की छात्रा नमिता को साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10, 463 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। 12वीं की छात्रा सीया को भी साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10, 463 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

उन्होंने दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों में नमिता, योगिता, कृष्ण शर्मा, समीर, प्रतिभा, गर्विता, सिया, सानिया तथा संजना को 500-500 रुपये की नगद राशि के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने कार्यक्रम में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह व एथलेटिक्स मीट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट किया।

### समर्पण सफलता की कुंजी

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि समर्पण सफलता की वह कुंजी है जो कठिन से कठिन रास्तों को आसान कर देती है। प्रतिस्पर्धा के दौर में चुनौतियां बहुत हैं, इसलिए विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके कड़ी मेहनत करनी चाहिए। कुलपति ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के तहत बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, नगद राशि देकर सम्मानित किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 12.12.25 | 10 | 3-6 |


# विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना ज़रूरी : प्रो. काम्बोज

## हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 52वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

हिसार, 11 दिसम्बर (विरेन्द्र वर्मा):चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता. की। कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सम्मान वह मूल्य है जो हर रिश्ते और समाज की बुनियाद को मजबूत करता है। एकता में वह शक्ति है जो असंभव कार्य को भी संभव बना देती है। समर्पण सफलता की वह कूंजी है जो कठिन से कठिन रास्तों को आसान कर देती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से खिलाडियों में अनुशासन और भाईचारे की भावना कायम होती है। विभिन्न प्रकार कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी प्रबल होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में चुनौतियां बहुत हैं, इसलिए विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने सदैव बेहतर खेल का प्रदर्शन करके प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया है। कुलपति ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के तहत बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल/नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

इन विद्यार्थियों में बारहवीं कक्षा के समीर को अनुभव राव गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। दसवीं कक्षा की छात्रा नमिता को साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया। बारहवीं की छात्रा सीया को भी साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों में नमिता, योगिता, कृष्ण शर्मा, समीर, प्रतिभा, गार्वित, सिया, सानिया तथा संजना को 500-500 रुपए की नगद राशि के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह व एथलेटिक्स मीट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट किया। मंच का संचालन छात्रा हिमांशी और खुशी ने कियां। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 12-12-25 | 3 | 7-8 |

## एचएयू कैंपस स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण और एथलेटिक्स मीट आयोजित



हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। एचएयू के गिरी सेंटर में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह में वीसी ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 12-12-25 | 12 | 1 |

# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के तहत बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल/नगद राशि देकर सम्मानित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिसार टुडे | 11.12.2025 | -- | -- |

# विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

- हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 52वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

तनिश महता/हिसार टुडे
हिसार, 11 दिसंबर 2025



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सम्मान वह मूल्य है जो हर रिश्ते और समाज की बुनियाद को मजबूत करता है। एकता में वह शक्ति है जो असंभव कार्य को भी संभव बना देती है। समर्पण सफलता की वह कूंजी है जो कठिन से कठिन रास्तों को आसान कर देती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से खिलाडियों में अनुशासन और भाईचारे की भावना कायम होती है। विभिन्न प्रकार कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में चुनौतियां बहुत हैं, इसलिए विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने सदैव बेहतर खेल का प्रदर्शन करके प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया है।

कुलपति ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के तहत बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल/ नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में बारहवीं कक्षा के समीर को अनुभव राव गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। दसवीं कक्षा की छात्रा नमिता को साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया। बारहवीं की छात्रा सीया को भी साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों में नमिता, योगिता, कृष्ण शर्मा, समीर, प्रतिभा, गर्वित, सिया, सानिया तथा संजना को 500-500 रुपए की नगद राशि के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह व एथलेटिक्स मीट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट किया। मंच का संचालन छात्रा हिमांशी और खुशी ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अभिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 11.12.2025 | -- | -- |

# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 52वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

## विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी : प्रो. काम्बोज

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।


कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए

कुलपति प्रो काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सम्मान वह मूल्य है जो हर रिश्ते और समाज की बुनियाद को मजबूत करता है। एकता में वह शक्ति है जो असंभव कार्य को भी संभव बना देती है। समर्पण सफलता की वह कुंजी है जो कठिन से कठिन रास्तों को आसान कर देती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से खिलाडियों में अनुशासन और भाईचारे की भावना कायम होती है। विभिन्न प्रकार कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में चुनौतियां बहुत हैं, इसलिए विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के खिलाडियों ने सदैव बेहतर खेल का प्रदर्शन करके प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया है।

कुलपति ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के तहत बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल/नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में बारहवीं कक्षा के समीर को अनुभव राव गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। दसवीं कक्षा की छात्रा नमिता को साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया। बारहवीं की छात्रा सीया को भी साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों में नमिता, योगिता, कृष्ण शर्मा, समीर, प्रतिभा, गर्वित, सिया, सानिया तथा संजना को 500-500 रुपए की नगद राशि के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह व एथलेटिक्स मीट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट किया। मंच का संचालन छात्रा हिमांशी और खुशी ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 11.12.2025 | -- | -- |


# विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 52वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

-पाठकपक्ष न्यूज-

हिसार, 12 दिसम्बर : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सम्मान वह मूल्य है जो हर रिश्ते और समाज की बुनियाद को मजबूत करता है। एकता में वह शक्ति है जो असंभव कार्य को भी संभव बना देती है। समर्पण सफलता की वह कूंजी है जो कठिन से कठिन रास्तों



को आसान कर देती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से खिलाड़ियों में अनुशासन और भाईचारे की भावना कायम होती है। विभिन्न प्रकार कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी प्रबल होती है।

कुलपति ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के तहत बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल/नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में बारहवीं कक्षा के समीर को अनुभव राव गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। दसवीं कक्षा की छात्रा नमिता को साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया। बारहवीं की छात्रा सीया को भी साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों में नमिता, योगिता, कृष्ण शर्मा, समीर, प्रतिभा, गर्वित, सिया, सानिया तथा संजना को 500-500 रुपए की नगद राशि के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह व एथलेटिक्स मीट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट किया। मंच का संचालन छात्रा हिमांशी और खुशी ने किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जगमार्ग न्यूज | 11.12.2025 | -- | -- |

**कार्यक्रम** कृषि के कैंपस स्कूल ने मनाया 52वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

## विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी : प्रो. काम्बोज

जगमार्ग न्यूज



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं एथलेटिक्स मीट डे-2025 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि कैंपस स्कूल की निदेशिका श्रीमती संतोष कुमारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण की भावना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सम्मान वह मूल्य है जो हर रिश्ते और समाज की बुनियाद को मजबूत करता है। एकता में वह शक्ति है जो असंभव कार्य को भी संभव बना देती है। समर्पण सफलता की वह कूंजी है जो कठिन से कठिन रास्तों को आसान कर देती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से खिलाड़ियों में अनुशासन और भाईचारे की भावना कायम होती है। विभिन्न प्रकार कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी प्रबल होती है।

उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में चुनौतियां बहुत हैं, इसलिए विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करके कड़ी मेहनत करनी चाहिए। विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने सदैव बेहतर खेल का प्रदर्शन करके प्रदेश एवं देश का नाम रोशन किया है। कुलपति ने वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह के तहत बोर्ड की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल/नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इन विद्यार्थियों में बारहवीं कक्षा के समीर को अनुभव राव गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। दसवीं कक्षा की छात्रा नमिता को साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार दिया गया। बारहवीं की छात्रा सीया को भी साहिल गांधी पुरस्कार के तहत 10 हजार 463 रूपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने दसवीं व बारहवीं के विद्यार्थियों में नमिता, योगिता, कृष्ण शर्मा, समीर, प्रतिभा, गर्वित, सिया, सानिया तथा संजना को 500-500 रुपए की नगद राशि के पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 12.12.2025 | -- | -- |

## सम्मान, एकता और समर्पण सफल जीवन की नींव : प्रो. बीआर काम्बोज

### 52वां वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



हिसार (सच कहूँ/मांगे लाल)। हकृवि कैंपस स्कूल में 52वां वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह गिरी सेंटर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थियों में सम्मान, एकता और समर्पण जैसी भावनाएँ मजबूत समाज व सफल भविष्य की आधारशिला हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने पर जोर दिया। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, नगद राशि, साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप और अनुभव राव गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। समीर, नमिता और सिया को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।